Mahendra's™

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

Specialized in Banking, SSC, Railway & State level Examinations

STUDY NOTES

GENERAL AWARENESS

It always seems impossible until it's done.

BANK

शीर्ष हेडलाइन समाचार

न्यायमूर्ति ताहिरा पाकिस्तान में किसी अदालत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनेंगी

न्यायमूर्ति सैयदा ताहिरा सफदर बूलचिस्तान उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश होंगी । इसके साथ ही वह पाकिस्तान में किसी अदालत में पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनेंगी। बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मुहम्मद नूर मेसकानजई 31 अगस्त को सेवानिवृत होने वाले हैं। न्यायमूर्ति ताहिरा उनकी जगह लेंगी। उनका कार्यकाल अगले साल पांच अक्तूबर तक का होगा।

बैंक, वित्तीय संस्थानों के बीच फंसे कर्ज के तेजी से निपटान के लिये समझौता, लीड बैंक की होगी अग्रणी भूमिका

स्टेट बैंक , पंजाब नेशनल बैंक और जीवन बीमा निगम सहित कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने बैंक समूह से दिये गये 50 करोड़ अथवा इससे अधिक के फंसे कर्ज के त्वरित निपटान के लिये अंतर - ऋणदाता समझौता किया है ।

धनवीर, प्रिया ने राष्ट्रीय युवा चैम्पियनशिप में मीट रिकार्ड बनाया

पंजाब के गोला फेंक खिलाड़ी धनवीर सिंह और केरल की 400 मीटर बाधा धाविका विष्णु प्रिया ने 15 वीं राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के आखिरी दिन नया मीट रिकार्ड बनाने के साथ अपनी - अपनी स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

नीति आयोग ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम में सहयोग के लिए ल्यूपिन फाउंडेशन के साथ 'एसओआई' पर हस्ताक्षर किए

आकांक्षी जिला कार्यक्रम में सहयोग के लिए नीति आयोग और ल्यूपिन फाउंडेशन के बीच एक आशय वक्तव्य (एसओआई) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एसओआई पर नीति आयोग के अपर सचिव यदुवेन्द्र माथुर और ल्यूपिन फाउंडेशन के कार्यकारी निदेश सीताराम गुप्ता ने हस्ताक्षर किए।

भारत ने रवांडा को 20 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा मंजूर की, किगाली में होगी उच्चयोग की स्थापना

भारत ने रवांडा के आर्थिक विकास के लिए उसको 20 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा की मंजूरी दी है , एक रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किया है और जल्दी ही किगाली में भारतीय उच्चायोग स्थापित किये जाने को मंजूरी दे दी है।

मोदी ने कम्पाला में सरदार पटेल की आवक्ष-प्रतिमा का किया अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने कम्पाला में भारतीय समुदाय के एक समारोह के दौरान भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की आवक्ष- प्रतिमा का अनावरण किया।

भारत ने युगांडा को दी 20 करोड़ डालर की कर्ज सुविधा, चार समझौतों पर हस्ताक्षर

भारत ने युगांडा को ऊर्जा बुनियादी ढांचा, कृषि तथा डेयरी क्षेत्रों में करीब 20 करोड़ डालर के दो ऋणों की सुविधा देने की घोषणा की। इसके साथ ही दोनों देशों ने रक्षा सहयोग, आधिकारिक तथा राजनयिक पासपोर्टधारकों के लिये वीजा से छूट, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम तथा सामग्री प्रशिक्षण प्रयोगशाला के क्षेत्रों में सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किये।

स्वास्थ्यसेवा क्षेत्र में सुधार के लिये डीएचएफएल, यूएसएआईडी के बीच एक करोड़ डॉलर का ऋण गारंटी करार

डीएचएफएल और अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कार्यरत छोटे व्यवसायों की पूंजी तक पहुंच में सुधार के लिये करीब 70 करोड़ रुपये (एक करोड़ डॉलर) की ऋण गारंटी की घोषणा की है।

कारोबार क्षेत्र के 40 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में तीन महिलाओं समेत भारतीय मूल के 4 लोग

इंस्टाग्राम के सह - संस्थापक और सीईओ केविन सिस्ट्रॉम और फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग को फॉर्च्यून की '40 अंडर

40' सूची में शीर्ष स्थान दिया गया है। यह व्यवसाय के क्षेत्र में 40 सबसे प्रभावशाली और प्रेरणादायक युवाओं की सूची है। तीन महिलाओं समेत भारतीय मूल के चार लोगों को भी इस सूची में शामिल किया गया है।

मॉब लिंचिंग पर कानून बनाने के लिए मोदी सरकार ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया

सरकार ने भीड़ की हिंसा पर काबू पाने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। गृह सचिव राजीव गौबा इसके अध्यक्ष होंगे।

रेमन मैगसेसे पुरस्कार विजेताओं में दो भारतीयों का नाम शामिल

दो भारतीय नागरिकों भरत वटवाणी और सोनम वांगचुक का नाम इस वर्ष के रेमन मैगसेसे पुरस्कार के विजेताओं में शामिल है।

महेश मलानी सिंध में नेशनल एसेंबली की सीट जीतने वाले पहले हिंदू

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के महेश कुमार मलानी दक्षिणी सिंध प्रांत में थरपरकर से नेशनल एसेंबली सीट जीतने वाले पहले हिंदू हैं। अल्पसंख्यक समुदाय के 55 वर्षीय मलानी ने एनए - 222 निर्वाचन क्षेत्र में ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अरब जकाउल्ला को हराया।

काजी नजरुल विश्वविद्यालय ने शर्मिला टैगोर को डी.लिट की उपाधि से नवाजा

बॉलीवुड अभिनेत्री शर्मिला टैगोर काजी नजरुल विश्वविद्यालय के विशेष दीक्षांत समारोह में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी ने डी लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति त्रिपाठी ने इस मौके पर भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के प्रख्यात वैज्ञानिक एस एम यूसुफ को भी डी . एससी की मानद उपाधि प्रदान की।

केरल के पूर्व मंत्री चेरकल्लम अब्दुल्ला का निधन

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के वरिष्ठ नेता और केरल के पूर्व मंत्री चेरकल्लम अब्दुल्ला का निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे।

समग्र शिक्षा-स्कूचली शिक्षा के सभी स्ततरों पर समावेशी और न्यापयसंगत गुणवत्ताक शिक्षा सुनिश्चित करने की एकीकृत योजना

भारत सरकार ने 2018-19 में समग्र शिक्षा- स्कूली शिक्षा के लिए एक एकीकृत योजना लांच की। यह स्कूल पूर्व से 12वीं कक्षा तक स्कूल शिक्षा क्षेत्र के लिए महत्वकांक्षी कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य स्कूल शिक्षा के सभी स्तरों पर समावेशी और न्यायसंगत गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करना है।

अंडर-20 वर्ल्ड चैम्पियंशिप की मेजबानी करेगा केन्या

इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशंस (आईएएएफ) ने वर्ष 2020 में होने वाले आईएएएफ वर्ल्ड एथलेटिक्स अंडर-20 चैम्पियंशिप की मेजबानी के लिए केन्या की नैरोबी को चुना है। अंडर-20 वर्ल्ड चैम्पियंशिप जुलाई 7 से 12 जुलाई के मध्य आयोजित होंगी।

देश का विदेशी पूंजी भंडार 6.77 करोड़ डॉलर बढ़ा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, विदेशी पूंजी भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा भंडार आलोच्य सप्ताह में $405.08 करोड़ डॉलर बढ़कर $405.14 अरब डॉलर हो गया। बैंक के मुताबिक, विदेशी मुद्रा भंडार को डॉलर में व्यक्त किया जाता है और इस पर भंडार में मौजूद पाउंड, स्टर्लिंग, येन जैसी अंतर्राष्ट्रीय मुद्राओं के मूल्यों में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा असर पड़ता है।

पिछले 8 वर्षों में उच्च शिक्षा नामांकन में करने वाली महिलाओं की संख्या में 45% बढ़ी

भारत में उच्च शिक्षा के लिए नामांकन करने वाली महिलाओं की संख्या 2017-18 में 457 प्रतिशत बढ़कर 17.4 मिलियन हो गई है, जो 2010-11 में 12 मिलियन थी।

सीएसके मॉस्को ने रूसी सुपर कप जीता

एफसी सीएसके मॉस्को ने एफसी लोकोमोटिव मॉस्को को 1-0 से हराकर रूसी सुपर कप का खिताब अपने नाम कर लिया है।यह मैच निझनी नोवोगोरोड में मौजूदा निझनी नोवोगोरोड स्टेडियम में खेला गया। इस मैदान में फीफा विश्व कप 2018 के मैच भी खेले गए थे।

2030 तक हेपटाइटिस वायरल से मुक्त होगा पूरा देश

देश में हेपटाइटिस-सी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सरकार ने नया कार्यक्रम लांच किया है। इसके तहत सरकारी अस्पतालों में जानलेवा हेपटाइटिस-सी का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय वायरल हेपटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम को लांच करते हुए कहा कि 2030 तक हेपटाइटिस वायरल को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। हेपटाइटिस-सी के मुफ्त इलाज और इसके लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

हरियाणा की किशोरी ने माउंट किलिमंजारो पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की

माउंट एवरेस्ट की चोटी तक पहुंचने वाली सबसे छोटी भारतीय किशोरी शिवांगी पाठक ने अफ्रीका के सबसे ऊंचे शिखर, माउंट किलिमंजारो की चढ़ाई को 3 दिनों में पूरा कर अपने नाम एक और बड़ा शीर्षक कर लिया है. तंजानिया के माउंट किलिमंजारो की ऊंचाई का माप 5,895 मीटर हैं. हरियाणा की किशोरी ने अपनी यात्रा में अपने माता-पिता और परिवार के अंतहीन समर्थन को स्वीकार किया, उनका उद्देश्य पूरे भारत में लड़कियों को अपने जुनून का पीछा करने के लिए प्रेरणा देना है.

भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने विश्व रैंक 1 प्राप्त किया

भारतीय महिलाओं की कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने टीम श्रेणी में विश्व नंबर एक का स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है. टीम चाइनीज ताइपे टीम से छह अंक आगे है. प्रत्येक सदस्य के योगदान के साथ,महिलाओं की कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने 342.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि चाइनीज ताइपे की टीम छह अंक के अंतर के साथ दूसरे स्थान पर रही.

एचएसबीसी ने सुरेंद्र रोशा को सीईओ नियुक्त किया

हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एचएसबीसी) ने सुरेंद्र रोशा को एचएसबीसी इंडिया का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि रोशा फिलहाल एचएसबीसी के एशिया प्रशांत के लिए वित्तीय संस्थान समूह (एफआईजी) के प्रमुख है। वह जयंत रिखये का स्थान लेंगे, जो स्वास्थ्य कारणों से अवकाश पर जा रहे है।

इसनेर ने पांचवां अटलांटा खिताब जीता

अमेरिका के जॉन इसनेर ने हमवतन रियान हैरीसन को 5 . 7, 6 . 3, 6 . 4 से हराकर रिकार्ड पांचवीं बार अटलांटा खिताब जीत लिया । इससे पहले वह 2013, 2014 , 2015 और 2017 में भी यह खिताब जीत चुके हैं ।

'एक डॉक्टर की मौत' के लेखक रामपद चौधरी का निधन

प्रसिद्ध बंगाली लेखक रामपद चौधरी का निधन हो गया। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित 'एक डॉक्टर की मौत' उनकी कहानी 'अभिमन्यू' पर आधारित थी। वह 95 वर्ष के थे। 'अभिमन्यु' डॉ सुभाष मुखोपाध्याय के जीवन और कार्य पर आधारित थी जिन्होंने 1978 में भारत का पहला और दुनिया का दूसरा टेस्ट-ट्यूब बेबी बनाया था।

प्रधानमंत्री ने किया देश के पहले मॉक्स का शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोएडा के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में बनने वाले देश के पहले मोबाइल ओपन एक्सचेंज (मॉक्स) जोन का लखनऊ में आयोजित 'ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी' के दौरान शिलान्यास किया।

सौरभ वर्मा ने रूस ओपन का ख़िताब जीता

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सौरभ वर्मा ने अपने अच्छे प्रदर्शन के दम पर रविवार को रूस ओपन का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही सौरभ इस खिताबी को जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। महिला वर्ग में गद्दे रुत्विका शिवानी ने 2016 में खिताबी जीत हासिल की थी। वर्ल्ड नंबर-65 सौरभ ने पुरुष एकल वर्ग के खिताबी मुकाबले में जापान के

कोकी वतानाबे को मात दी। सौरभ ने एक घंटे तक चले इस मुकाबले में वतानाबे को 18-21, 21-12, 21-17 से मात देकर खिताब अपने नाम किया।

एफटीआईआई के पूर्व निदेशक जॉन शंकरमंगलम का निधन

फिल्म जगत की दिग्गज शख्सियत और भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) पुणे के पूर्व निदेशक जॉन शंकरमंगलम का निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। अपने लंबे करियर में जॉन ने दो राष्ट्रीय और चार केरल राज्य फिल्म पुरस्कार जीते।

फार्च्यून ग्लोबल-500 सूची में ओएनजीसी को 197वां स्थान

देश की सबसे बड़ी तेल एवं गैस उत्पादन करने वाली कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) को 'फार्च्यून ग्लोबल 500' की सूची में 197वां स्थान मिला है। ओएनजीसी की जारी विज्ञप्ति के अनुसार वित्त वर्ष 2017- 18 के दौरान वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार चढाव और परिचालनगत चुनौतियों के बावजूद वित्तीय और भौतिक मोर्चे पर कंपनी के जोरदार प्रदर्शन की बदौलत यह स्थान मिला है।

अमेरिकी एजेंसी ने आंध्र प्रदेश में 41 मेगावाट बिजली परियोजना के लिए भारतीय कंपनी से करार किया

अमेरिका की व्यापार एवं विकास एजेंसी (यूएसटीडीए) ने भारत की निजी क्षेत्र की कंपनी आईएलएंडएफएस एनर्जी डेवलपमेंट कंपनी लि. (आईईडीसीएल) के साथ आंध्र प्रदेश में 41 मेगावॉट के हाइब्रिड विंड, सौर और ऊर्जा स्टोरेज बिजली संयंत्र के लिए सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है।

पहला 'नेपाल इंडिया थिंक टैंक समिट' काठमांडू में

पहला नेपाल-भारत थिंक टैंक शिखर सम्मेलन, काठमांडू में शुरू हुआ। इस सम्मलेन का आयोजन संयुक्त रूप से एशियाई इंस्टीट्यूट ऑफ डिप्लोमैसी एंड इंटरनेशनल अफेयर्स (एआईडीए) और नेहरू मेमोरियल म्यूजियम लाइब्रेरी द्वरा किया जा रहा है। पूर्व प्रधान मंत्री और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (सीपीएन) के सह-अध्यक्ष पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने इस सम्मलेन का उद्घाटन किया।

लखनऊ मेट्रो, बीएसएनएल के बीच करार

लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एलएमआरसी) के 'गो स्मार्ट' कार्डधारक अब अपने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के पोस्टपेड बिल का भुगतान इसी कार्ड से कर सकेंगे। इस संबंध में दोनों संगठनों ने एक समझौते पर दस्तखत किए हैं। एलएमआरसी के प्रबंध निदेशक कुमार केशव और बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक सतीश कुमार की मौजूदगी में इस सहमति ज्ञापन पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये।

2018 की दूसरी छमाही में घटकर 7.2 प्रतिशत पर आ सकती है जीडीपी की वृद्धि दर : रिपोर्ट

भारतीय अर्थव्यवस्था बेशक अप्रैल-जून की तिमाही में मजबूत आर्थिक वृद्धि दर दर्ज करेगी, लेकिन आगामी महीनों में यह रफ्तार सुस्त पड़ सकती है। नोमूरा की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। नोमूरा का अनुमान है कि अप्रैल जून तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर उच्चस्तर पर रहेगी और उसके बाद यह दूसरी छमाही में घटकर 7.2 प्रतिशत रह जाएगी। पहली छमाही में यह करीब 7.8 प्रतिशत के स्तर पर रहेगी।

चीन ने पृथ्वी अवलोकन उपग्रह लॉन्च किया

चीन ने पृथ्वी अवलोकन हाई-रिजोल्यूशनउपग्रह परियोजना के तहत ऑप्टिकल रिमोट सेंसिंग उपग्रह गाओफेन-11 लॉन्च किया। यह लॉन्ग मार्च रॉकेट श्रृंखला का 282वां मिशन था।

गोपालकृष्ण गांधी को मिलेगा राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार

पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी को सांप्रदायिक सद्भाव एवं शांति को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष के राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार के लिए चुना गया है।

आजाद, नजमा हेपतुल्ला को उत्कृष्ट सांसद का पुरस्कार

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने राज्य सभा में विपक्षी नेता गुलाम नबी आजाद, मणिपुर की राज्यपाल नजमा हेपतुल्ला और बीजद सांसद भृतुहरि महताब को उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से

सम्मानित किया। राज्यसभा की पूर्व सदस्य हेपतुल्ला को वर्ष 2013 और लोकसभा सदस्य हुकुमदेव नारायण यादव को 2014 के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दोनों ही भाजपा से हैं।

आजाद को 2015, तृणमूल कांग्रेस सांसद दिनेश त्रिवेदी को 2016 और महताब को 2017 के लिए सम्मानित किया गया।

दीपक पारेख एचडीएफसी के निदेशक फिर से नियुक्त

दीपक पारेख को फिर से एचडीएफसी का गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। हालांकि कंपनी के 22.64% शेयरधारकों ने उनकी पुनर्नियुक्ति के विरोध में मतदान किया।

भारती एयरटेल, रेजरपे के बीच डिजिटल भुगतान के लिए समझौता

डिजिटल भुगतान सेवा देने वाली कंपनी रेजरपे ने भारती एयरटेल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत अब एयरटेल की वेबसाइट और मोबाइल एप पर उसके ग्राहक रेजरपे की यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) भुगतान सुविधा का उपयोग कर सकेंगे।

अक्तूबर में होगी भारत-इंडोनेशिया अंतरधार्मिक वार्ता

भारत-इंडोनेशिया के बीच पहली अंतरधार्मिक वार्ता अक्तूबर में होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के दौरान इस पर फैसला हुआ था। भारतीय दूतावास ने बताया है कि इंडोनेशिया का दौरा करने वाले विदेश राज्य मंत्री एम जे अकबर ने इंडोनेशिया की विदेश मंत्री रेत्नो मरसूदी से बातचीत की। मई में प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद उठाए गए कदमों पर वार्ता हुई।

तीसरी द्वि-मासिक मौद्रिक नीति समीक्षा

भारतीय रिजर्व बैंक ने तीसरी द्वि-मासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी कर के 6.50 प्रतिशत किया। इसके साथ रिवर्स रेपो रेट अब 6.25 प्रतिशत और बैंक रेट 6.75 प्रतिशत हो गया है। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि में जीडीपी वृद्धि दर 7.5 - 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है और पूरे वित्त वर्ष की वृद्धि का अनुमान 7.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

रिजर्व बैंक ने अपनी समीक्षा में आगे कहा की चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में खुदरा मुद्रास्फीति के 4.8 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए, मुद्रास्फीति अनुमानित 4.6 प्रतिशत होने का अनुमान है।

वर्तमान दरें	
रेपो दर	6.50%
रिवर्स रेपो दर	6.25%
बैंक दर	6.75%
एमएसएफ	6.75%
सीआरआर	4%
एसएलआर	19.50%

शहरी विकास के क्षेत्र में वित्तीय, तकनीकी सहयोग के लिए भारत और जर्मनी के बीच समझौता

भारत और जर्मनी ने वित्तीय और तकनीकी सहयोग को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किये जिसमें दीर्घकालिक शहरी विकास और अक्षय ऊर्जा पर जोर होगा। समझौते पर हस्ताक्षर भारत में जर्मनी के राजदूत मार्टिन ने और वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव (आर्थिक मामलों के विभाग) समीर कुमार खरे ने किये।

जीवन बीमा निगम-आईडीबीआई बैंक समझौते को मंत्रिमंडल की मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईडीबीआई बैंक में भारतीय जीवन बीमा निगम के 51% हिस्सेदारी खरीद को मंजूरी दे दी।

भारतीय मूल के गणितज्ञ अक्षय वेंकटेश को मिला फिल्ड्स मेडल

नामी भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई गणितज्ञ अक्षय वेंकटेश समेत चार विजेताओं को गणित का विशिष्ट फिल्ड्स मेडल मिला है। गणित के क्षेत्र में इसे नोबेल पुरस्कार के समान माना जाता है। चार साल पर फिल्ड्स मेडल 40 साल से कम उम्र के सबसे उदीयमान गणितज्ञ को दिया जाता है।

टेस्ट क्रिकेट में 6000 रन तक पहुंचने वाले तीसरे युवा बल्लेबाज बने रूट

इंग्लैंड के कप्तान जो रूट आज सबसे कम उम्र में 6000 टेस्ट रन पूरे करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गये। रूट ने भारत

के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। वह 6000 टेस्ट रन पूरे करने वाले दुनिया के 65वें और इंग्लैंड के 15वें बल्लेबाज हैं।

असम के पूर्व राज्यपाल भीष्म नारायण सिंह का निधन

असम और तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों के राज्यपाल रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भीष्म नारायण सिंह का निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे।

अनंतकृष्णन ने एचएएल के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यभार संभाला

सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने कहा कि सी बी अनंतकृष्णन के कंपनी के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। एचएएल ने बयान में कहा कि इससे पहले अनंतकृष्णन एचएएल के कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यकारी निदेशक (वित्त) के पद पर थे।

जावेद अख्तर हिंदी अकादमी के शलाका सम्मान से सम्मानित

गीतकार जावेद अख्तर सहित विभिन्न क्षेत्रों की शख्सियतों को दिल्ली सरकार के हिंदी अकादमी सम्मान से नवाजा गया। फिल्म और शायरी जगत में योगदान देने के लिए अख्तर को 'शलाका सम्मान' दिया गया वहीं, रंगमंच की दुनिया के प्रसिद्ध निर्देशक एम के. रैना को 'शिखर सम्मान' तथा जाने.माने पत्रकार एवं चर्चित उपन्यास 'अकबर' के लेखक शाजी जमां को 'गद्य विद्या' सम्मान से नवाजा गया।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ये पुरस्कार प्रदान किए।

मॉर्गन स्टेनली का चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर अप्रैल-जून अवधि में तेज बनी रह सकती है। इसके इस वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने का अनुमान है। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। मॉर्गन स्टेनली ने कहा कि वृद्धि में सुधार तेज रहने का अनुमान है और इसे शुरुआत में उपभोग एवं निर्यात से मदद मिलेगी।

स्विगी ने किया स्कूटसी का अधिग्रहण

भोजन डिलीवरी सेवा देने वाली कंपनी स्विगी ने मुंबई स्थित डिलीवरी प्लेटफार्म कंपनी स्कूटसी का अधिग्रहण कर लिया है। सौदे से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि यह अधिग्रहण करीब 50 करोड़ रुपये के नकद लेन-देन में हुआ है।

डिजिटल पेमेंट के लिए एसबीआई-जिओ ने भागीदारी बढ़ाई, एमओयू पर किए हस्ताक्षर

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसकी दूरसंचार सहयोगी कंपनी जियो ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ अपनी डिजिटल भागीदारी को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह भागीदारी न सिर्फ आरआईएल और एसबीआई की संयुक्त उद्यम जियो पेमेंट बैंक के लिए की गई है, बल्कि यह उससे बढ़कर है। साथ ही इस भागीदारी का लक्ष्य अपने ग्राहक आधार को कई गुणा बढ़ाना है।

मशहूर पटकथा लेखक जलीस शेरवानी का निधन

'दबंग', 'वांटेड' और 'तेरे नाम' जैसी सलमान खान की कई फिल्मों के लिये गाने लिख चुके मशहूर पटकथा लेखक जलीस शेरवानी का निधन हो गया। वह 70 साल के थे। 'संगम' और 'लोफर' जैसी फिल्मों के लिये संवाद लिखने के अलावा शेरवानी ने 'पार्टनर', 'हेलो', 'गर्व' और 'हेलो ब्रदर' जैसी फिल्मों के लिये गाने भी लिखे।

तेजस के नौसेना संस्करण का सफल परीक्षण

स्वदेशी तरीके से निर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस के नौसेना संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया जिससे विमानवाहक पोत पर उसकी क्षमताओं को परखा जा सके। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा, ''भारत अमेरिका, यूरोप, रूस और चीन जैसे उन चुनिंदा देशों में शुमार हो गया है जिनके पास ऐसे विमान के उत्पादन की क्षमता है जो विमान वाहक पोत से संचालित हो सकता है।''

नीति आयोग ने मूव हैक का शुभारंभ किया

नीति आयोग ने भारत में गतिशीलता के भविष्य के उद्देश्य से वैश्विक गतिशीलता हैकथॉन-मूव हैक का शुभारंभ किया है। यह विश्व स्तर पर सबसे बड़े हैकथॉन में से एक होगा। मूव हैक में दस विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और ऑनलाइन, सिंगापुर और नई दिल्ली में अंतिम रूप से संचालित होगा।

एप्पल बनी हजार अरब डॉलर की दुनिया की पहली कंपनी

लग्जरी स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल शेयर बाजार में सूचीबद्ध दुनिया की पहली ऐसी कंपनी बन गयी है जिसका बाजार मूल्यांकन एक हजार अरब डॉलर के पार हो गया है। फैक्टसेट के अनुसार, एप्पल का शेयर कल 5.89 डॉलर मजबूत होकर 207.39 डॉलर पर पहुंच गया। इससे कंपनी का बाजार मूल्यांकन एक हजार अरब डॉलर के पार करीब 1,001,679,220,000 डॉलर पर पहुंच गया।

एचडीएफसी लाइफ ने बीमा उत्पाद बेचने के लिये विजया बैंक से मिलाया हाथ

बीमा क्षेत्र की कंपनी एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने बीमा उत्पादों की बिक्री के लिये सार्वजनिक क्षेत्र के विजया बैंक के साथ समझौता किया है। एचडीएफसी लाइफ ने बयान में कहा कि बीमा कंपनी और बैंक के बीच समझौते से देशभर में फैली बैंक की 2,129 शाखाओं के माध्यम से अधिक लोगों तक पहुंच सुनिश्चित होगी।

टेक महिंद्रा ने 'ब्लॉकचेन जिले' के लिये तेलंगाना से हाथ मिलाया

तेलंगाना राज्य सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग (आईटीईएंडसी) ने भारत का पहला ब्लॉकचेन जिला शुरू करने के लिये टेक महिंद्रा के साथ करार (एमओयू) किया है। टेक महिंद्रा के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक सीपी गुरनानी ने यहां अंतरराष्ट्रीय ब्लॉकचेन कांग्रेस 2018 में कहा कि यह भारतीय ब्लॉकचेन स्टार्टअप समेत अन्य कंपनियों के विकास को बढ़ावा देने के लिये नया बुनियादी ढांचा और सुविधायें प्रदान करेगा। यह ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के लिये एक इनक्यूबेटर और उत्कृष्ट केंद्र होगा।

पहला हिन्दी समांतर कोश बनाने वाले अरविंद कुमार 'हिन्दीरत्न' से सम्मानित

हिन्दी समांतर कोश के रचयिता एवं हिन्दी के प्रसिद्ध पत्रकार अरविंद कुमार को हिन्दी भवन की ओर से 'हिन्दीरत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रख्यात पत्रकार पंडित भीमसेन विद्यालंकार की याद में हिन्दी भवन हर साल हिन्दीरत्न सम्मान समारोह मनाता है।

पहले व्यावसायिक यान के लिये नासा ने सुनीता विलियम्स सहित नौ को किया नामित

नासा ने भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स सहित ऐसे नौ लोगों का नाम नामित किया है जो व्यावसायिक रूप से उपलब्ध रॉकेट एवं कैप्सूल के जरिये अंतरिक्ष जाने के पहले मिशन के लिये उड़ान भरेंगे। यह अभियान अगले साल शुरू होगा।

भारत को दो वर्षों के लिए एशिया प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान का अध्यक्ष चुना गया

भारत को दो वर्षों के लिए एशिया प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान (एआईबीडी) का अध्यक्ष चुना गया है। भारत ने कोलम्बो में संस्थान के 44 वें वार्षिक सम्मेलन में हुए मतदान में ईरान से ज्यादा वोट प्राप्त कर यह पद हासिल किया।

न्यायमूर्ति गीता मित्तल जम्मूकश्मीर उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनीं

न्यायमूर्ति गीता मित्तल को जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इसके साथ ही राज्य के उच्च न्यायालय की अध्यक्षता करने वाली वह पहली महिला न्यायाधीश बन गयी हैं। न्यायमूर्ति गीता मित्तल अब तक दिल्ली उच्च न्यायालय की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थीं।

फिर फाइनल में हारी सिंधू, विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक मिला

स्पेन की कैरोलिना मारिन ने चीन के नानजिंग में पी. वी. सिंधु को हराकर विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप के महिला एकल का खिताब जीता है।

विश्व बैडमिंटन का खिताब जीतने वाले पहले जापानी खिलाड़ी बने मोमोता

केंटो मोमोता विश्व बैडमिंटन चैंपियनिशप का खिताब जीतने वाले पहले जापानी पुरूष खिलाड़ी बने। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में चीन के उदीयमान खिलाड़ी शी युकी को 21-11, 21-13 से पराजित किया।

अल्वारेज ने कोवालेव को हराकर डब्ल्यूबीओ लाइट हैवीवेट खिताब जीता

अब तक अजेय रहे इलीडर अल्वारेज ने सर्गेई कोवालेव को सातवें दौर में नाकआउट करके विश्व मुक्केबाजी संगठन (डब्ल्यूबीओ) लाइट हैवीवेट खिताब जीता।

एक लाइनर तथ्य

- आइपीआर एक व्यक्ति द्वारा बौद्धिक प्रयास के साथ बनाई गई संपत्ति पर प्राप्त अधिकार है।
- यह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की टैगलाइन है।
- जूलियन असानजे विकीलीक्स के संस्थापक है।
- भारत निर्वाचन आयोग भारत में आम चुनावों की औपचारिक घोषणा करता है।
- बैंक वरिष्ठ नागरिकों को आतिरिक्त ब्याज देते है।
- तीन आईआईटी बिजनेस स्कूल खड़गपुर, दिल्ली और रूड़की ने एनआईआरएफ मैनेजमेंट के शीर्ष 10 रैंकिंग वाले संस्थानों से स्थान हासिल किया है। यह रैंकिंग कुल 542 बिजनेस स्कूलों के आधार पर जारी की गयी है।
- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) के अनुसार, भारत का रक्षा खर्च साल 2016 में लगभग 8.5 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ रक्षा क्षेत्र में सर्वाधिक व्यय करने वाला यह दुनिया का पांचवां राष्ट्र बन गया है।
- 15 जुलाई विश्व युवा कौशल दिवस है.
- पूरम केरल राज्य में मनाया जाने वाला त्योहार है.
- बांदीपुर नेशनल पार्क कर्नाटक राज्य में स्थित है.
- बेसेल III मानदंड बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित है.
- आशा योजना महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित हैं जबकि स्वाभिमान वित्तीय समावेश से सम्बन्धित है। बच्चों को स्कूल के तरफ आर्कषित करने के लिए मिडडे मील योजना शुरू की गई तथा भारत निर्माण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे के विकास से सम्बन्धित है।
- एल बी डब्लू का मतलब लेग बिफोर विकेट होता है।
- आरटीजीएस का पूर्ण रूप रियल टाईम ग्रास सेटेलमेन्ट(वास्तविक समय सकल निपटान) इस माध्यम से भेजे जाने वाली न्यूनतम राशि है 2 लाख तथा इसकी ऊपरी सीमा नहीं हैं।
- कम्पनी द्वारा दुबारा शेयर जारी करने को फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर कहते हैं।
- भारतीय नौसेना ने भूमध्यसागर में फ्रांस की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास 'वरूण' शुरू किया।
- लांस आर्मस्ट्रांग साइकिलिंग से सम्बंधित है.
- खुला बाजार परिचालन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सरकारी बांड के बिक्री एवं खरीद के माध्यम से बाजार में तरलता की स्थिति को समायोजित करना है।
- ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप और क्रेडिट डिफ़ॉल्ट स्वैप सभी प्रकार के स्वैप हैं।
- विदेशी मुद्रा नियंत्रण के लिए सांविधिक शक्तियाँ विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (FERA), 1947 से प्राप्त हुई; जिन्हें बाद में और अधिक व्यापक विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (FERA), 1973 से प्रतिस्थापित किया गया।
- कर्नाटक ने सौराष्ट्र को हराकर तीसरी बार विजय हजारे ट्रॉफी जीती।
- भारत हाल ही में बादाम के सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में उभरने के लिए चीन और स्पेन और चीन को पीछे छोड़ दिया है।
- आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ़ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2017-18 में भारतीय अर्थव्यवस्था की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहेगी, जबकि 2018-19 में यह 7.5 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के चलाकेरे में रुस्तम-2 ड्रोन का सफल परीक्षण किया। रुस्तम-2 मध्यम ऊंचाई पर लंबे समय तक उड़ान भरने में सक्षम मानवरहित विमान (यूएवी) है।

- भारतीय जिमनास्ट अरुणा बुद्दा रेड्डी जिमनास्टिक्स विश्व कप में व्यक्तिगत पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गयी है। उन्होंने महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।
- पारुपल्ली कश्यप ने ऑस्ट्रियाई ओपन इंटरनेशनल चैलेंज के पुरुष एकल का खिताब जीता है।
- इस पुस्तक के लेखक वी कृष्णास्वामी है।
- सांसद को संघ सूची के विषयों पर कानून बनाने के लिए विशेषाधिकार प्राप्त है।
- प्रथमा बैंक, भारत का पहला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक है। यह सिंडिकेट बैंक द्वारा प्रायोजित है और 2 अक्टूबर 1 9 75 को 26 सितंबर 1 9 75 को जारी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अध्यादेश 1 9 75 (भारत सरकार के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1 9 76 की जगह) के अनुसार स्थापित किया गया था। इसका मुख्यालय मुरादाबाद में है.
- कमोडिटी मार्केट स्पेस में नियमों और प्रवर्तन को मजबूत करने के लिए 28 सितंबर 2015 को फॉरवर्ड मार्केट कमीशन (एफएमसी) सेबी के साथ विलय किया गया था।
- भारत में पूरे सामान्य बीमा व्यवसाय को सामान्य बीमा व्यवसाय (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1 9 72 (जीआईबीएनए) द्वारा राष्ट्रीयकृत किया गया था। जीआईबीएनए की धारा 9 (1) के अनुसरण में भारतीय सामान्य बीमा निगम (जीआईसी) का गठन किया गया था। कंपनी अधिनियम, 1 9 56 के तहत शेयरों द्वारा सीमित एक निजी कंपनी के रूप में यह 22 नवंबर 1 9 72 को निगमित किया गया था।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने 2011 में दामोदरन कमेटी का गठन किया, जिसमें पेंशनभोगी सहित खुदरा और छोटे ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली बैंकिंग सेवाओं और बैंकों में प्रचलित शिकायत निवारण तंत्र की प्रणाली, इसकी संरचना और प्रभावकारिता और शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए उपाय सुझाना.
- बाजार जिसमे लंबी अवधि के कर्ज को क्रय और विक्रय करना या इक्विटी समर्थित प्रतिभूतियों का प्रदर्शन करना कहा जाता है पूंजी बाजार.
- इक्विटी शेयर टर्म पूंजी बाज़ार से सम्बंधित है.
- एक बैंक खाता खोलने के लिए अधिवास प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं है।
- पुस्तक "द आइसलैंड ऑफ़ लॉस्ट गर्ल्स" लिखी गयी मंजुला पद्मनाभन.
- डी एसआईबी का पूर्ण रूप है Domestic Systematically Important Banks.
- अन्तराष्ट्रीय विकास संघ जो कि विश्व बैंक से संबद्ध है, 'सुलभ ऋण खिड़की' के रूप में जाना जाता है।
- पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र में साइप्रस के द्वीप के दक्षिणी हिस्से में साइप्रस का कब्जा है। द्वीप और राजधानी शहर निकोसियाद्ध उत्तर में तुर्की के साथ विभाजित है.
- संयुक्त राष्ट्र का ;यूएनद्ध सोशल जस्टिस का विश्व दिवस सालाना 20 फरवरी को मनाया गया ताकि लोग यह देख सकें कि सामाजिक न्याय गरीबी उन्मूलन कैसे प्रभावित करता है। यह पूर्ण रोजगार और सामाजिक एकीकरण के लिए समर्थन प्राप्त करने के लक्ष्य पर भी केंद्रित है।
- नागार्जुन सागर बांध कृष्ण नदी में नागार्जुन सागर में बनाया गया था जो गुंटूर जिले और नालगोंडा जिले के बीच है।
- मौन घाटी राष्ट्रीय उद्यानए 236ण्74 वर्ग किलोमीटर के मुख्य क्षेत्र के साथ एक राष्ट्रीय पार्क है। यह नीलगिरि पहाड़ियों में स्थित हैए केरल के पलक्कड़ जिले के भीतरए दक्षिण भारत।
- बंगाली संस्कृति में पश्चिम बंगाल के गोबहिरा लोक नृत्यों का एक विशेष स्थान है। वे राज्य की खूबसूरत संस्कृति को अपने रंगीनपन और उत्सव से परिपूर्ण करते हैं।

- विदेशी प्रत्यक्ष निवेश दूसरे देश में स्थित किसी संस्था द्वारा किसी देश में व्यापार में नियंत्रित स्वामित्व के रूप में एक निवेश है।
- वेम्बली स्टेडियमए वम्बलीए इंग्लैंड में वेम्बली का एक फुटबॉल स्टेडियम हैए जो 2007 में खोला गया थाए मूल वेम्बली स्टेडियम की साइट पर स्थित है।
- प्रेसिडेंट लेडी पुस्तक संगीता घोष द्वारा लिखी गई है , जिसे हाल ही में राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में जारी किया गया है। यह पुस्तक स्वर्ण सुवर्णा मुखर्जी पर है जो भारत के सम्माननीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की पत्नी है।
- बहरीन ओलंपिक समिति (बीओसी) ने खेल के अभ्यास और ओलंपिक सिद्धांतों और मूल्यों को एक हेनज एज पर बढ़ावा देने के लिए "प्रथम बहरीन बाल खेलों" की मेजबानी करने की घोषणा की है।
- द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सुखचैन सिंह चीमा पहलवान थें।

Mahendra's™
YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS
Specialized in Banking, SSC, Railway & State level Examinations

TIME TO FINAL
PREPARATION

Let's Start With
MAHENDRAS

Mahendra's

YouTube
Mahendra Guru
SUBSCRIBE

www.mahendras.org
www.mahendraguru.com